न्यायालय जिला कलेक्टर,टोंक

(गौरव अग्रवाल,आई0ए0एस0द्वारा अध्यासित)

प्रकरण संख्या 20/2020
प्रविष्टि दिनांक 20–2–2020

श्योजी पुत्र कल्याण जाति धाकड़ आयु 45 वर्ष निवासी सोप तहसील उनियारा जिला टोंक राज0

–अपीलाण्ट

बनाम

1– नायब तहसीलदार सोप जिला– टोक

–रेस्पोडेण्ट

अपील विरूद्व आदेश नायब तहसीलदार सोप दिनांक 14–10–2019 अन्तर्गत धारा 75 एल0आर0एक्ट 1956

उपस्थिति :- (1) श्री जितेन्द्र कुमार जैन अपीलान्ट
(2) श्री जुगनू शर्मा,राजकीय अभिभाषक रेस्पोडेण्ट

निर्णय **दिनांक 23–12–2020**

अपील का संक्षिप्त में सार इस प्रकार है कि अधीनस्थ न्यायालय नायब तहसीलदार सोप ने अपने निर्णय दिनांक 14–10–2019 के द्वारा अपीलान्ट को राजकीय भूमि खसरा नम्बर 1280 रकबा 0.02 है0 वाके ग्राम सोप पर गैर मुमकिन पर बाड़ा व मकान बनांने के कारण पश्चातवर्ती अतिक्रमण मानकर भूमि से बेदखल करने 2000/रूपये की पेनल्टी कायम कर 90 दिवस के सिविल कारावास की सजा से दण्डित करने का आदेश दिया है। जिसकी पालना में दिनांक 18–2–2020 को अपीलान्ट को थानाधिकारी सोप द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। अपीलान्ट ने नायब तहसीलदार सोप के उक्त आदेश से व्यथित होकर आदेश को खिलाफ कानून बताते हुए निरस्त किये जाने का निवेदन किया है।

प्रकरण प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया गया एंव तलबी रेस्पोडेण्ट जरिए सम्मन की जाकर अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली तलब की गई। प्रकरण में अभिभाषक अपीलान्ट एंव राजकीय अभिभाषक की बहस सुनी गई।

विद्वान अभिभाषक अपीलान्ट ने दोराने बहस अपील में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए कथन किया कि अपीलान्ट को नायब तहसीलदार सोप द्वारा निर्णय से पूर्व नोटिस नहीं दिया है ओर नोटिस पर अपीलान्ट की विधिवत व्यक्तिशः तामिल नही हुई है। अधीनस्थ न्यायालय ने अपीलाण्ट को बिना सु[illegible] साक्ष्य सबूत पेश करने का अवसर प्रदान किये बिना एक पक्षीय [illegible] गलती की पटवारी हल्का ने दुर्भावना पूर्वक अपीलान्ट के विरूद्व कब्जे बाबत [illegible] रिपोर्ट की है। अपीलान्ट

Signature Not Verified
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Date: 2021.04.06 11:07:09 IST
Reason: SelfAttested

जिला कलेक्टर
टोंक

Scanned by CamScanner

को पटवारी हल्का से जिरह करने का अवसर नहीं दिया है। पटवारी हल्का की रिपोर्ट पर नायब तहसीलदार ने विश्वास करके जो निर्णय पारित किया है वह निरस्त योग्य है। अपीलान्ट के अभिभाषक का यह भी कथन है कि यह चरागाह भूमि नहीं है ओर इस खसरा नम्बर पर पूरे गॉव का अतिकमण है पूरा गॉव इस खसरा नम्बर पर बसा हुआ है इस भूमि पर ओर भी बाडे मकान आदि बने हुए हैं। अपीलान्ट सजायाव किये जाने से पूर्व विधि अनुसार अपीलान्ट को साक्ष्य सबूत एंव सुनवाई का अवसर नहीं दिया है ओर ना ही अपीलान्ट को उक्त निर्णय की कोई जानकारी दी गई जिससे निर्णय विधि विरूद्ध है ओर निरस्त किये जाने योग्य है। अतः अधीनस्थ न्यायालय का निर्णय दोषपूर्ण होने से निरस्तनीय है।

अपीलान्ट के अभिभाषक की बहस का जवाव देते हुए राजकीय अभिभाषक ने कथन किया कि अपीलाण्ट की विधिवत रूप से तामिल हुई है। विवादित भूमि आराजी खसरा नम्बर 1280 रकबा 0.02 है0 गैर मुमकिन बाड़ा व मकान बना कर अतिकमण किया है। इस भूमि पर अपीलान्ट ने पहले भी अतिकमण किया था ओर अव पुनः अतिकमण किया है। अधीनस्थ न्यायालय द्वारा अपीलान्ट को विवादित भूमि से पूर्व में पत्रावली सं0 27/18 दिनांक 5–11–2018 से बेदखल किया गया था एंव पूनः पश्चातवर्ती अतिकमी होना माना गया है। अपीलान्ट सार्वजनिक उपयोग की राजकीय भूमि पर बार–बार अतिकमण करने का आदी है। अधीनस्थ न्यायालय का निर्णय सही एंव उचित है। अतः अपील अपीलान्ट खारिज की जावे।

विद्वान अभिभाषक अपीलान्ट एंव राजकीय अभिभाषक की बहस पर मनन किया एंव अधीनस्थ न्यायालय की अपीलाधीन पत्रावली का ध्यानपूर्वक अध्ययन किया। अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली का अध्ययन करने से विदित होता है कि अपीलान्ट को अधीनस्थ न्यायालय द्वारा जो नोटिस जारी किया गया हे उस पर अपीलान्ट श्योजी की तामील नही करवाकर किसी मोहनलाल के व्यक्ति की तामील करवाई गई है। नोटिस पर तामील कुनिन्दा द्वारा रिपोर्ट भी अंकित नहीं है कि मोहनलाल श्योजी के परिवार का सदस्य है अथवा नहीं, अपीलान्ट की तामील नियमानुसार नहीं करवाई गई हैं उचित नहीं हैं। जिससे सिद्व है कि अधीनस्थ न्यायालय द्वारा बिना रेकार्ड का अवलोकन किये त्रृटिपूर्ण निर्णय पारित किया है। उपरोक्त विवेचन से नायब तहसीलदार सोप द्वारा पारित निर्णय निरस्त कर प्रकरण रिमाण्ड किया जाना उचित प्रतीत होता है।

फलतः अपील अपीलान्ट आंशिक स्वीकार की जाकर अधीनस्थ न्यायालय का निर्णय दिनांक 14–10–2019 अपास्त किया जाता है एंव नायब तहसीलदार सोप को प्रकरण इस निर्देश के साथ प्रति प्रेषित (Remand) किया जाता है कि समस्त रिकार्ड व मौके की जांच कर तथा अपीलान्ट को सुनवाई का समूचित अवसर प्रदान कर पुनः विधिवत निर्णय पारित करें।

निर्णय आज दिनांक 23–12–2020 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(गौरव अग्रवाल)
जिला कलेक्टर
टोंक

न्यायालय जिला कलेक्टर सत्यमेव जयते टोंक (राजस्थान)

Signature Not Verified

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Date: 2021.04.06 11:07:09 IST
Reason: SelfAttested

Scanned by CamScanner